दिन– शुक्रवार दिनांक– 22/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों की निगरानी और समस्याओं के समाधान के लिए पटना में केन्द्रीयकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की है। इसके अंतर्गत सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी और अभिभावक विद्यालय से संबंधित अपनी शिकायत टोल फ्री नम्बर– **एक चार चार एक सात और एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच चार चार एक सात** पर कर सकते हैं।

———————————————————

राज्य सरकार विज्ञान और प्रावैधिकी कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए "यंग प्रोफेशनल चयन संबंधी नीति–2026" के तहत तीन श्रेणियों में यंग प्रोफेशनल की भर्ती करेगा। विज्ञान, प्रावैधिकी और तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी ने बताया कि यंग प्रोफेशनल का प्रारंभिक चयन दो वर्षों के लिए होगा।

———————————————————

भीषण गर्मी और लू को देखते हुये पटना जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में वर्ग पांच तक की कक्षाओं के संचालन पर रोक लगा दी है। वहीं, छठी से आठवीं तक की कक्षाएं सुबह दस बजकर तीस मिनट तक ही चलेंगी। यह आदेश सभी स्कूलों, प्री स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों पर छब्बीस मई तक लागू रहेगा। इधर, बेगूसराय जिला प्रशासन ने भी आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों और आंगबाड़ी केंद्रों में सुबह ग्यारह बजे के बाद पठन–पाठन पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश पच्चीस मई तक लागू रहेगा। वहीं, शेखपुरा जिला प्रशासन ने तेईस मई से सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन को दस बजकर तीस मिनट तक ही संचालित करने का आदेश जारी किया है।

———————————————————

रेलवे के बुनियादी ढांचे और ट्रेन संचालन को निशाना बनाकर हाल ही में हुई घटनाओं के बीच रेल मंत्रालय ने यात्रियों से यात्रा के दौरान सतर्क रहने और रेलवे परिसर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना हेल्पलाइन नंबर– **एक तीन नौ** पर तुरंत देने का आग्रह किया है। कल नई दिल्ली के रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया।

———————————————————————

दिल्ली की एक अदालत ने आईआरसीटीसी होटल घोटाले से जुड़े कथित धनशोधन मामले में राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों के खिलाफ आरोप तय करने का फैसला नौ जून तक के लिए टाल दिया है। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय–ईडी कर रहा है और यह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई द्वारा दर्ज एक मूल अपराध पर आधारित है। ईडी का आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए वर्ष दो हजार चार से दो हजार नौ के बीच आईआरसीटीसी होटलों के संचालन के ठेके देने में अनियमितताएं हुईं। इस मामले में नामजद लोगों में लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव और तेज प्रताप यादव, बेटियां मीसा भारती और हेमा यादव आदि शामिल हैं।

———————————————————————

राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में मौसम के अलग–अलग मिजाज देखने को मिल रहे हैं। एक ओर दक्षिण बिहार भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं, वहीं उत्तर बिहार में अच्छी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण बिहार में अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, मौसम विभाग ने आज पटना, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास अरवल, भोजपुर और बक्सर में लू का अलर्ट जारी किया है। वहीं, विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सुपौल, किशनगंज, पूर्णिया, समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश की सम्भावना जतायी है।

———————————————————————

इधर, मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान बांका और जमुई जिले के विभिन्न स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

———————————————————————

रोहतास जिले की ऐतिहासिक नगरी सासाराम में आज से दो दिवसीय शेरशाह सूरी महोत्सव की भव्य शुरुआत हुई। इस महोत्सव का उद्‌घाटन जिलाधिकारी उदिता सिंह किया। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शहर के न्यू स्टेडियम फैजलगंज में आयोजित इस महोत्सव में संस्कृति, विरासत और लोक परंपराओं की अद्‌भुत झलक देखने को मिली।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।